आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :497 पृष्ठ -4 दिनांक 07 जून 2025 दिन शनिवार

## योगी सरकार का यूपी को तोहफा, इन इलाकों में बनेंगे 3,235 नए पुल, शहर तक बढ़ेगी कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश की सड़कों और पुलों को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है. सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में यातायात को बेहतर बनाने के लिए 3,235 नए लंबे और छोटे पुलों के निर्माण और मरम्मत की योजना बनाई है.जिसके लिए लगभग 28,346 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. लोक निर्माण विभाग ने इस योजना को साल 2025–26 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा हैमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों से कहा है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को आने–जाने में दिक्कत न हो. खासकर गांवों में जहां सड़कें और पुल टूटी हुई हालत में हैं, वहां फौरन काम शुरू किया जाए. लोक निर्माण विभाग ने बताया कि 60 मीटर से ज्यादा लंबाई वाले पुलों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड करेगा. वहीं, 6 मीटर से 60 मीटर तक की लंबाई वाले छोटे पुलों का जिम्मा लोक निर्माण विभाग ने अपने हाथों में लिया है.इस योजना में



नाबार्ड, राज्य योजना (ग्रामीण) और राज्य योजना (शहरी) जैसी तीन प्रमुख योजनाएं शामिल की गई हैं. इनके जरिए न केवल नए पुल बनाए जाएंगे, बल्कि पुराने और कमजोर पुलों की मरम्मत और चौड़ीकरण का भी काम होगा. उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में पुराने पुल बरसात में बह जाते हैं या टूट जाते हैं. इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं. अब सरकार ने ऐसे पुलों को स्थायी रूप से मजबूत बनाने का फैसला लिया है.बाढ़ प्रभावित इलाकों की दिक्कतों को देखते हुए उन इलाकों में भी नए पुल बनाए जाएंगे ताकि गांवों और शहरों का संपर्क हर मौसम में बना रहे. खास बात यह है कि जिन इलाकों में लोग अस्थायी पुल बना लेते हैं, वहां अब पक्के और मजबूत पुल बनाए जाएंगे. इससे किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को फायदा होगा.

## पीलीभीत में पटाखे बनाने वाले चारलोगों पर केस दर्ज, अवैध रूप से चल रहा था कारोबार

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गहलुईया गांव में पूर्व प्रधान ताज मोहम्मद के बंद मकान में कल लगभग 1रू30 बजे के करीब विस्फोटक पदार्थ बनाए जाने के दौरान तेज धमाके से मकान का लिंटर कई जगह से क्षतिग. स्त हो गया इस हादसे में पूर्व प्रधान ताज मोहम्मद सहित उसकी पत्नी हसीन बानो, वाहिद अली और उसके साथ काम कर रहे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और घटनास्थल पर पहुँचे अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया सहित पुलिस टीम ने जांच पड़ताल की तो मौके से कई संदिग्ध समान की बरामदगी की गई. बंद घर के भीतर धमाके में घायल हुए आधा दर्जन लोगों में से पुलिस ने ने चार लोगों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर दो लोगो का शान्ति भंग में चालान कर उन्हें गिरफ्तार किया है.वहीं इस घटना के बाद आनन–फानन में पूरे जिले का प्रशासन अलर्ट हो गया. घटना की जानाकरी के बाद बरेली से बम निरोधक दस्ता टीम भी मौके पर पहुंची और विस्फोटक स्थल पर बारीकी से निरीक्षण किया. जांच के बाद टीम को मौके से कई संदिग्ध वस्तुएं हाथ लगी जिन्हें कब्जे में लेकर जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेज दिया है.आबादी बाहुल्य इलाके में बंद घर के भीतर अवैध रूप से बनाए जा रहे हैं विस्फोटको को लेकर स्थल पर बम निरोधक दस्ता टीम ने मौके से सुतली में लिपटी हुई पटाखा सामग्री,गंधक सहित बम बनाने के कई उपकरण मौके से बरामद हुए हैं. पुलिस ने मकान को सील कर दिया है वहीं आसपास के इलाकों को अलर्ट करते हुए टीम ने पूछताछ कर मामले की कार्रवाई में जुटी है. साथ ही घटना स्थल पर आस पास चौकसी भी बढ़ा दी है.वहीं पूरी घटना को लेकर
आरोपी पूर्व प्रधान सहित चार नामजद
लोगों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई बताया जा रहा है आरोपी पूर्व प्रधान अपने बंद घर में बिना लाइसेंस अवैध रूप से विस्फोटक का कारोबार चलाया करता है. अब आरोपी के लाइसेंस और पूरे मामले की बमनिरोधक दस्त टीम जांच कर रही है. इस घटना के बाद लोगों में डर का माहौल का है और पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है.

## राम मंदिर में कितने रुपये का सोना लगा? ट्रस्ट अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने किया कीमत का खुलासा

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अब सामने आया है कि राम मंदिर में अब तक कितना सोना लग चुका है. इसकी जानकारी राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने दी है. उन्होंने बताया कि राम मंदिर में कुल 45 किलो सोने का हुआ इस्तेमाल है जोकि शुद्धता में शत प्रतिशत है और यदि टैक्स निकाल दिया जाए इसका मूल्य लगभग 50 करोड रुपए है.इसके अलावा सोने का कार्य अभी शेषावतार मंदिर में चल रहा है. भूतल के सभी दरवाजों में भी काम सोने से किया जा है, साथ ही सिंहासन में भी सोना इस्तेमाल हो रहा है.दिसंबर तक पूरे होंगे कार्ययहां बता दें कि राम मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है. राम मंदिर परिसर में कुछ ऐसे कार्य हैं जो दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे. संग्रहालय सभागार और गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य अभी जारी है. राजा राम की स्थापना के बाद दर्शन के सवाल पर बोले नृपेंद्र मिश्र ने कि कहा अभी उसमें समय लग सकता है. राजाराम के दरबार में अभी इतने श्रद्धालु दर्शन नहीं कर सकते. उसकी अभी व्यवस्था करनी है. राम दरबार के दर्शन में पास जारी किया जाएगा हालांकि पास निशुल्क होगा.अब तक सोने की नहीं थी जानकारीअयोध्या में राम मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 3 जून से जारी है, जोकि पांच जून को गंगा दशहरा पर सम्पन्न हुआ है. अभी तक ये स्पष्ट नहीं था कि राम मंदिर में कितना सोना लगा है और बार–बार कई अलग–अलग खबरें आतीं रहीं. वहीं अब विधिवत राम मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा भी हो गयी.अयोध्या क्षेत्र का विकास जोरों पर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद न सिर्फ देश बल्कि बड़ी संखा में विदेशी श्रद्धालू भी पहुँचते हैं. और अयोध्या में तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर है. मंदिर के साथ–साथ पूरे क्षेत्र का विकास इसी स्तर पर किया जा रहा है.

## ई–रिक्शा चालक की इस हरकत से नोएडा बदनाम! बेहोशी की हालत में मिली नाइजीरियाई युवती

पुलिस के मुताबिक उत्तर प्रदेश के नोएडा में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने नाइजीरिया से आई युवती गाजियाबाद के कौशांबी मेट्रो स्टेशन पर बेहोशी की हालत में मिली और बाद में उसने एक अज्ञात ई–रिक्शा चालक पर लूटपाट का आरोप लगाया. पुलिस मामले की जांच कर रही है. रिक्शा चालक की तलाश में पुलिस जुट गई है.युवती के साथ ये घटना तब घटी जब वह नोएडा में एक अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नाईजीरिया से शामिल होने के लिए आईं थी. इस बीच युवती के साथ बदसुलूकी का मामला पेश आया है. वहीं युवती बेहोशी की हालत में कौशांबी मेट्रो स्टेशन पर पाई गई है.नोएडा के थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि युवती कौशल राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान द्वारा 21 मई से तीन जून तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने यहां आई थी.उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात संस्थान के एक अधिकारी ने शिकायत दर्ज कराई कि नाइजीरियाई युवती जिसका नाम अतिलोलो है वह दो जून को संस्थान से बाहर गई थी लेकिन वह तीन जून को भी वापस नहीं आई. शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस हरकत में आई और युवती की छानबीन में लग गई. पुलिस के मुताबिक बताया गया कि अतिलोलो कौशांबी मेट्रो स्टेशन से बेहोशी की हालत में मिली हैं.प्रभारी निरिक्षक ने बताया कि जब युवती होश में आई तो उसने पूरे मामले की जानकारी दी. युवती ने होश में आने के बाद बताया कि वह एक मॉल में खरीदारी करने गई थी, जिसके बाद वापसी में वह एक रिक्शा में बैठी में थी. जिसके बाद रिक्शा चालक गलत दिशा में लेकर जाने लगा जिस पर युवती ने विरोध करना शुरू कर दिया था. युवती ने अपने साथ घटी इस घटना की शिकायत पुलिस में की जिसमें, ई–रिक्शा चालक ने युवती से दुर्व्यवहार किया और उसका मोबाइल फोन छीन लिया जिसके बाद वह डर कर ई–रिक्शा से कूद गई. फिलहाल शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.

## फिरोजाबाद में गंगा दशहरा स्नान के दौरान दो लोगों की डूबने से मौत, शोक की लहर

फिरोजाबाद में गंगा दशहरा के पर्व पर जिले में दो अलग–अलग स्थानों पर हुए दर्दनाक हादसों में दो किशोरों की डूबकर मौत हो गई. इनमें एक 8 वर्षीय बालक और एक 16 वर्षीय युवक शामिल है. दोनों ही हादसे नहाने के दौरान हुए, जिससे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है.घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा–बुझाकर मामला शांत कराया. गा. रतलब है कि गंगा दशहरा को लेकर प्रशासन द्वारा 10 स्थान को चिन्हित किया गया और सभी स्नान वाले स्थान पर तैनात किए गए थे . पहला हादसा एका थाना क्षेत्र के गढ़िया खास गांव में हुआ, जहां 8 वर्षीय अभिषेक पुत्र वीरेंद्र अपने दो दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया था. नहाने के दौरान तीनों बच्चे गहरे पानी में चले गए. शोरगुल सुनकर मौके पर मौजूदगोताखोरों ने तुरंत नहर में कूद कर दो बच्चों को बचा लिया, लेकिन उसमें से एक अभिषेक को नहीं बचाया जा सका. अभिषेक का शव रसेनी गांव के पास से बरामद हुआ. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है. इंस्पेक्टर रमित कुमार के अनुसार, बालक की मौत नहर में डूबने से हुई है और मामले में पुलिस की तरफ से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.दूसरा हादसा लाइनपार थाना क्षेत्र के नयाबांस गांव के पास यमुना नदी में हुआ. बसई मोहम्मदपुर के नगला गोकुल गांव निवासी 16 वर्षीय रंजीत यादव गंगा दशहरा के मौके पर नदी में नहाने गया था.नहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया. आसपास मौजूद लोगों ने जब यह देखा तो शोर मचाया, लेकिन तब तक वह लापता हो चुका था. सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू की गई. काफी देर मशक्कत के बाद रंजीत यादव का शव बरामद किया गया.

## नोएडा के पॉश सेक्टर में चौंकाने वाली वारदात, बदमाशों ने उड़ाया कार का बैक मिरर

नोएडा शहर के सबसे पॉश इलाकों में से एक सेक्टर–50 के ई–ब्लॉक में एक हैरान कर देने वाली चोरी की वारदात सामने आई है– लग्जरी कार से आ, बदमाशों ने एक कोठी के बाहर खड़ी कार का बैक मिरर तोड़कर चुरा लिया और मौके से फरार होगा पूरी ?ाटना कोठी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है–वीडियो फुटेज में साफ दिख रहा है कि ,क लग्जरी कार सेक्टर के अंदर दाखिल होती है और अचानक रुक जाती है– चालक कार को पीछे लेकर आता है औरकार के बाहर खड़ी गाड़ी के पास अपनी कार खड़ी करता है– पहले तो कुछ देर रुकता है और चला जाता है, लेकिन कुछ ही देर में फिर लौटता है– इस बार जैसे ही कार रुकती है, पिछली सीट पर बैठा युवक उतरता है और बड़ी चतुराई से खड़ी कार का बैक मिरर तोड़कर अपने वाहन में रख लेता है– इसके बाद आरोपी तेजी से मौके से फरार हो जाते हैं–इस वारदात के बाद पीड़ित इंजीनियर राहुल बर्टवाल ने सेक्टर 49 पुलिस को शिकायत दी है– पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है–वहीं सेक्टरवासियों में भारी नाराजगी और डर का माहौल है– स्थानीय लोगों ने सेक्टर में सुर{ाा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कि, हैं– उन्होंने गश्त बढ़ाने और बाहरी वाहनों की निगरानी सख्त करने की मांग की है–,डीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि थाना सेक्टर–49 पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है– चोरी में इस्तेमाल की गई गाड़ी और आरोपियों की पहचान की जा रही है– पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा

## यूपी में निजी कंपनियां करेंगी बिजली सप्लाई! जुलाई तक टेंडर के आसार

उत्तर प्रदेश में बिजली वितरण की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम (डिस्कॉम) के निजीकरण की तैयारी पूरी कर ली गई है. माना जा रहा है कि इस साल जुलाई तक इन डिस्कॉम के निजीकरण के लिए निविदा (टेंडर) जारी कर दी जाएगी. बताया गया है कि अदाणी समूह, टाटा पावर लिमिटेड, ग्रीनको समूह समेत देश के आठ बड़े औद्योगिक घराने इस प्रक्रिया में दिलचस्पी दिखा रहे हैं. फिलहाल पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम 42 जिलों में बिजली वितरण का काम देख रहे हैं. बिजली व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने इन दोनों निगमों को भंग कर पांच नई कंपनियां बनाने का फैसला लिया है. खास बात यह है कि इन नई कंपनियों में 51 फीसदी हिस्सेदारी निजी उद्योग समूहों को दी जाएगी.यूप. ीपीसीएल ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ग्रांट थॉर्नटन भारत नाम की एक सलाहकार कंपनी को नियुक्त किया है. यह सलाहकार कंपनी निजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेज तैयार कर रही है. पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि जैसे ही नियामक आयोग का अभिमत (मंजूरी) मिल जाएगा, निविदा के दस्तावेजों को मंजूरी के लिए कैबिनेट के पास भेजा जाएगा. कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही निविदा प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. इसी साल अप्रैल में लखनऊ में यूपी पावर कॉरपोरेशन ने इस मुद्दे पर एक बैठक भी की थी. इस बैठक में अदाणी पावर के एमडी अनिल सरदाना, टाटा पावर के संजय बग्गा, चंडीगढ़ पावर के अनिल धमीजा समेत कई बड़े उद्योग समूहों के लोग शामिल हुए थे. इन लोगों ने अपनी–अपनी कंपनियों के अनुभव साझा किए और यूपी में बिजली सुधार में सहयोग का भरोसा दिलाया.सूत्रों के मुताबिक, टाटा पावर के एमडी प्रवीर सिन्हा ने पहले ही कह दिया है कि उनकी कंपनी इस प्रक्रिया में हिस्सा लेगी. अदाणी पावर के प्रवक्ता ने भी इस प्रक्रिया में शामिल होने की पुष्टि की है. हालांकि, सेरेंटिका रिन्यूबल्स के प्रवक्ता ने इस पर टिप्पणी करने से मना कर दिया, लेकिन संकेत दिए कि उनकी कंपनी संभावनाओं को तलाश रही है सरकार का कहना है कि सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए यह कदम जरूरी हो गया है. यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल का कहना है कि सुधार के सभी प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं, इसलिए निजीकरण जरूरी हो गया है. सरकार की योजना है कि नवंबर तक इस पूरी प्रक्रिया को खत्म कर दिया जाए, ताकि बिजली वितरण की व्यवस्था और बेहतर हो सके.बिजली वितरण के निजीकरण का उद्देश्य है कि उपभोक्ताओं को समय पर बिजली मिले, बिजली कटौती कम हो और सिस्टम में पारदर्शिता आए. अब लोगों की नजरें इस पर टिकी हैं कि कौन–सी कंपनियां निविदा प्रक्रिया में हिस्सा लेंगी और इस बदलाव से उपभोक्ताओं को क्या फायदा होगा.

## नोएडा में कोविड का कहर, 32 नए मामले, साढ़े तीन महीने की बच्ची की कोरोना से मौत

गौतमबुद्ध नगर में कोरोना संक्रमण एक बार फिर चिंता बढ़ा रहा है. बीते 24 घंटों में जिले में कोविड–19 के 32 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 190 पहुंच गई है. इनमें 79 पुरुष और 111 महिलाएं शामिल हैं.स्वास्थ्य विभाग ने इस साल की पहली कोरोना से मौत की पुष्टि की है. मृतक एक साढ़े तीन महीने की बच्ची है, जिसका इलाज दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल में चल रहा था. जानकारी के अनुसार, बच्ची की मौत 28 मई को हो गई थी, लेकिन इसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग को हाल ही में मिली है. इसके बाद विभाग की टीम ने परिजनों से संपर्क करना शुरू कर दिया है.एसीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि अभी तीन मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि बाकी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है. बच्ची की मौत को लेकर एसीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने कहा कि यह एक क्रॉस नो. टिफाइड केस था, जिसकी रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट होने के बाद ही जिले को जानकारी मिली.एसीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि बच्ची की प्राथमिक बीमारी के रूप में अक्यूट गैस्ट्रोएंट्राइटिस, डिहाइड्रेशन, मेनिनजाइटिस और कोविड निमोनिया को बताया गया है. कोविड संक्रमण ने उसकी हालत और बिगाड़ गई थी, जिससे उसकी जान चली गई.आरडी टीम अब परिजनों से लगातार संपर्क में है, ताकि मामले से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा सके. स्वास्थ्य विभाग आमजन से कोविड नियमों का पालन करने और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराने की अपील कर रहा है.सावधानी ही सुरक्षा है कोविड के बढ़ते मामलों के बीच सतर्क रहना बेहद जरूरी.

# हाथरस में 13 साल की किशोरी से रेप, हुई गर्भवती 14 साल के किशोर ने अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल,पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

हाथरस के कोतवाली सादाबाद क्षेत्र में एक मामला सामने आया है। यहां एक गांव में 14 वर्षीय किशोर ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी किशोर इस पीड़िता का पड़ोसी है।आरोपी ने पहले पीड़िता का नहाते समय अश्लील वीडियो बना लिया। पीड़िता ने बताया कि पांच महीने पहले आरोपी दीवार फांदकर उसके घर में घुस आया। उस वक्त वह नहा रही थी।आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। इसके कारण पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता करीब ढाई माह की गर्भवती है। इस दौरान पीड़िता की तबीयत खराब हो गई। पीड़िता के बीमार पड़ने पर परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसकी गर्भावस्था की पुष्टि की। पिछले दो दिनों से आरोपी पीड़िता को गर्भपात करने की धमकी दे रहा था। इसके बाद जब पीड़िता के पिता आरोपी के घर पहुंचे, तो उसने तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी।आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी...उसके परिवार के लोग भी वहां आ गए। इसके बाद यह सभी लोग थाना सादाबाद पहुंचे। उन्होंने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पीड़िता के परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया है।

## हाथरस में कांग्रेस ने की संगठन मजबूत करने की तैयारीजिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक, बूथ कमेटियों को लेकर हुई चर्चा

हाथरस के मोती बाजार स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेक उपाध्याय ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।पदाधिकारियों के प्रभार वितरण और बूथ कमेटी के गठन पर विस्तृत चर्चा हुई। संगठन सृजन के तहत इन कार्यों को समय सीमा में पूरा करने का निर्णय लिया गया। साथ ही निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और नए ला.ेगों को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया गया।बैठक में वरिष्ठ नेता संजीव आनधीवाल को कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान अविनाश पाठक ने अपने एक दर्जन साथियों के साथ कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।बैठक का संचालन मुख्य प्रवक्ता डॉ. मुकेश चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में अवधेश बखशी, जैनुद्दीन जैन, भूपेंद्र शर्मा, ठाकुर कपिल सिंह, कृष्ण कुमार एडवोकेट, देवेंद्र शर्मा, गोपाल सिंह यादव, डॉ. प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र गांधी, शांतनु कुमार, प्रभा शंकर शर्मा, रवि मोहम्मद, गोविंद चतुर्वेदी, नवीन उपाध्याय और श्री कृष्ण समेत कई नेता मौजूद रहे।

## हाथरस में चकबंदी कराने की मांगग्रामीणों ने दिया ज्ञापन, बोले– दबंग किसान गरीबों की जमीन का कब्जा कर रहे



हाथरस के गांव बसई बाबस के काफी ला.ेगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर चकबंदी प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। किसानों ने ओसी कलेक्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया है।ज्ञापन में ग्रामीण ने कहा है कि गांव के 30–40 दबंग कृषक गरीबों की जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। ये लोग झूठे प्रार्थना पत्र के जरिए चकबंदी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि अधिकांश कृषकों के चक मूल गाटे पर बने हुए हैं। कृषकों के सही और गलत चकों का आकलन सिर्फ चकबंदी से ही संभव है।ज्ञापन देने वालों में चेतराम शर्मा, ओंकार सिंह, वीरेश सिंह और दुष्यंत सिंह चौहान प्रमुख रूप से मौजूद रहे। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले गांव के काफी किसान चकबंदी का विरोध करने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और चकबंदी न कराए जाने की मांग की थी। अब चकबंदी के समर्थन में भी गांव के काफी लोग आ गए हैं।

## हाथरस पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण पुलिस कर्मियों को शारीरिक फिटनेस के लिए दौड़ लगवाई, एसपी ने ली सलामी

हाथरस में शुक्रवार सुबह पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की सलामी ली और पुलिसकर्मियों को शारीरिक फिटनेस के लिए दौड़ लगवाई। टोलीवार ड्रिल भी कराई गई।एसपी ने पुलिसकर्मियों की वर्दी का निरीक्षण किया। सभी को साफ–स्वच्छ वर्दी पहनने के निर्देश दिए। निलंबित कर्मच.ारियों से भी बातचीत की। डायल 112 के दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। वाहनों की साफ–सफाई, घटनास्थल किट और हूटर की जांच के बाद प्रभारी को रखरखाव के निर्देश दिए गए। डॉग स्क्वायड और ड्रोन कैमरा का भी निरीक्षण किया गया।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर योग.ेन्द्र कृष्ण नारायण, सिकंदराराऊ के जयेन्द्र नाथ अस्थाना, कार्यालय के राम प्रवेश राय, यातायात के अमित पाठक और लाइन के श्यामवीर सिंह मौजूद रहे। प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह समेत डॉग स्क्वाड, डायल 112 और अन्य कार्यालयों के अधिकारी–कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## सादाबाद बस स्टैंड पर अतिक्रमण हटाने का अनोखा तरीका सफाई कर्मियों ने कचौड़ी ठेले के सामने डाला कूड़े का ढेर, ग्राहक हुए दूर

सादाबाद बस स्टैंड पर अतिक्रमण को लेकर नया विवाद सामने आया है। सफा.ईकर्मियों ने कचौड़ी के ठेले के सामने कूड़े का ढेर लगा दिया। ठेला संचालक और स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद सफा.ईकर्मियों ने अपनी कार्रवाई जारी रखी।बस स्टैंड पर छह से अधिक ठेले लगते हैं। इनमें कचौड़ी, बिरयानी, जलेबी, छोले भटूरे, पराठे, जूस और छोले कुल्चे की दुकानें शामिल हैं। दो महीने पहले रोडवेज ने एक बुक स्टॉल का ठेका भी दिया था। यह स्टॉल अब पान–मसाला और स्नैक्स बेच रहा है।एक सप्ताह पहले अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सभी ठेले हटाए गए थे। एसडीएम संजय कुमार ने दुकान बंद करने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को प्रशासनिक टीम ने कचौड़ी, बिरयानी और जलेबी के ठेले हटवाए। दुकान पर ताला लगाया गया।आज सुबह जब दुकान और कचौड़ी का ठेला फिर से शुरू हुआ, तब साढ़े आठ बजे सफाईकर्मी ट्रैक्टर लेकर आए। उन्होंने कूड़े से भरे प्लास्टिक के पैकेट ठेले के सामने खाली कर दिए। दुर्गंध और गंदगी के कारण ग्राहक वहां से चले गए।नगर पंचायत प्रतिनिधि राधारमन अग्रवाल ने इस घटना की जानकारी से इनकार किया है। एक तरफ सरकार स्वच्छता पर जोर दे रही है, वहीं इस तरह की घटनाएं स्वच्छता अभियान के उद्देश्य को कमजोर कर रही हैं।

## हाथरस में भाजपा की कार्यशाला विकसित भारत अमृत काल अभियान की रणनीति पर चर्चा, 9 से 21 जून तक चलेगा कार्यक्रम

हाथरस में भाजपा जिला कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने की। प्रदेश मंत्री भाजपा प्रभारी डीपी भारती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ।मुख्य अतिथि डीपी भारती ने मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का जिक्र किया। जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने बताया कि विकसित भारत का अमृत काल श्सेवा, सुशासन व गरीब कल्याणश अभियान 9 जून से 21 जून तक चलेगा। दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान में पूर्ण मनोयोग से जुड़ने की अपील की।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद.. कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, रामेश्वर उपाध्याय, डोली माहौर, महेन्द्र सिंह आचार्य, हरिशंकर



राणा, रूपेश उपाध्याय, रामवीर सिंह भैया जी, रामकुमार माहेश्वरी, हरीश सेंगर, मूलचंद वार्ष्णेय, प्रमोद सेंगर, प्रीति चौधरी, भोला सिंह रावत समेत कई प्रमुख नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जम्मू में कुश्ती जीतकर चमके सादाबाद के पहलवान

सादाबाद तहसील के ब्लॉक सहपऊ के गांव नगला मैया के पहलवान कुलदीप ने जम्मू में एक और सफलता हासिल की है। उन्होंने राजा के ताल पर आयोजित मां शेरावाली कुश्ती प्रतियोगिता में जम्मू के पहलवान संजय कुमार को हराकर 11000 का इनाम जीता।कुलदीप जब जम्मू से विजयी होकर अपने गांव लौटे, तो ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्हें फूलमालाओं से सजाया गया और पूरे गांव में उनका जुलूस निकाला गया। ग्राम प्रधान पंडित चंद्र शर्मा, क्षेत्र के युवा नेता साकेत चौधरी और रवि पचौरी ने विशेष रूप से उनका सम्मान किया।कुलदीप की यह जीत कोई पहली नहीं है। पिछले वर्ष उन्हा.ेने पंजाब में आयोजित प्रतियोगिता में पंजाब केसरी को हराया था। इसके अलावा वे बिहार, नेपाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में भी कई कुश्ती प्रतियोगिताएं जीत चुके हैं। विजेता पहलवान कुलदीप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कुश्ती गुरु को दिया है। उनके गांव में इस जीत से खुशी का माहौल है।

# हाथरस में नाली विवाद में हत्या का मामला

हाथरस के सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव जरीनपुर भुर्राका में नाली से पानी निकालने के विवाद में हुई हत्या के मामले में न्यायालय ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया है।अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या प्रथम महेंद्र श्रीवास्तव की कोर्ट ने सभी दोषियों को उम्रकैद और अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना 2 जनवरी 2023 की है। गांव के लक्ष्मण सिंह का अपने ही गांव के अरविंद से नाली से पानी निकालने को लेकर विवाद हुआ था। लोगों ने उस समय मामला शांत करा दिया था।उसी दिन दोपहर 3रू30 बजे लक्ष्मण सिंह का पुत्र बंटू उर्फ बृजभूषण पशुओं को चारा डालने जा रहा था। इसी दौरान अरविंद और उधम सिंह पुत्रगण अमर सिंह, अमर सिंह पुत्र जय सिंह और अरविंद की पत्नी अर्चना ने बंटू को घेर लिया। आरोपियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।एडीजीसी मुकेश कुमार ने की पैरवीपु.लिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले में मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी मुकेश कुमार ने पैरवी की। न्यायालय ने आदेश दिया है कि अर्थ.दंड की आधी धनराशि वादी को दी जाए। अर्थदंड न चुकाने पर आरोपियों को अति.रिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## सासनी में किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापनएमएसपी, शिक्षा व्यवस्था और सड़क निर्माण समेत कई मांगें रखीं

सासनी में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम नीरज शर्मा को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने सरकार से मांग की कि फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाए। प्राइवेट स्कूलों में फीस और किताबों के नाम पर हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए।साथ ही शिक्षा प्रणाली में सुधार किया जाए। किसानों ने सासनी–विजयगढ़ रोड के नवीनीकरण की मांग की। उन्होंने बांधनू से बनखंडी महादेव मंदिर तक डाबरीकरण कराने की भी मांग रखी। क्षेत्र में बंदरों के आतंक से हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्हें पकड़ने की मांग की गई।कार्रवाई की मांग कीराशन वितरण में अनियमितता का मुद्दा भी उठाया गया। सरकारी प्रावधान के अनुसार एक यूनिट पर 5 किलो राशन मिलना चाहिए, लेकिन केवल 4 किलो दिया जा रहा है। इस पर कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर चौधरी



हरपाल सिंह, राजकुमार कौशिक, उमाशंकर बांगर, चौधरी नागेंद्र पाल सिंह, होतीलाल, चौधरी सुखबीर सिंह, करण प्रताप, केशव प्रताप सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## हाथरस में बकरीद की तैयारियां पूरी कल सुबह 7:15 बजे ईदगाह पर होगी नमाज, सार्वजनिक स्थलों पर नमाज पर रोक



हाथरस में बकरीद के त्योहार की तैयारियां पूरी हो गई हैं। शनिवार को सुबह 7रू15 बजे ईदगाह में नमाज अदा की जाएगी। हाफिज इनाम साहब नमाज कराएंगे। मुस्लिम इंतजामिया कमेटी ने मुरसान गेट स्थित ईदगाह और मस्जिदों में विशेष सफाई कराई है।कमेटी के सदर राहत अहमद कुरैशी ने लोगों से अपील की है कि सड़क या सार्वजनिक स्थलों पर नमाज न पढ़ें। नमाज केवल मस्जिदों और ईदगाह में ही अदा करें। प्रशासन ने मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों के साथ बैठक की थी। इसमें सार्वजनिक स्थलों पर नमाज न पढ़ने के निर्देश दिए गए थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।ईदगाह और मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहेगा। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है। खुफिया तंत्र को भी अलर्ट कर दिया गया है। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। त्योहार को लेकर मुस्लिम समुदाय में उत्साह है। बाजारों में लोगों ने खरीदारी की है।

## निर्जला एकादशी पर सासनी में भक्ति का माहौल जगह–जगह लगे शरबत के प्याऊ, मरीजों और तीमारदारों ने किया पान



सासनी में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर शरबत के प्याऊ लगाकर पुण्य कार्य किया। कस्बे के बस स्टैंड पर समाजसेवी आलोक वार्ष्णेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर प्याऊ की व्यवस्था की। भीषण गर्मी में मरीजों और तीमारदारों ने शरबत पीकर राहत महसूस की।इस अवसर पर मनोज दीक्षित, सौरभ चक्रवर्ती, पूरा मास्टर, अनिल, दिलीप, अंशु, विनोद सहित कई लोग उपस्थित रहे। कमला बाजार में कुलदीप सराफ ने भी शरबत वितरण की व्यवस्था की। यहां भी बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत का पान किया। कार्यक्रम में गुरु दयाल शर्मा, सौरभ, अनू लाला, विष्णु, बांकेलाल और अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# जन्म मृत्यु पटल पर अचानक पहुंचे नगर आयुक्त–अधीनस्थों में मची खलबली

भारत सरकार के सीएसआर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन न करने पर नगर आयुक्त ने दिखाई नाराजगी–तलब किया जोन वाइज, सर्किल वाइज, सीएमओ,एसीएम स्तर पर पेंडिंग आवेदन का ब्यौरापब्लिक को बड़ी राहत–प्रपत्रों के गुम होने को देख नगर आयुक्त ने लिया अहम निर्णय–अब हर आवेदन पत्र के साथ लगेगी प्रपत्रों की चेक लिस्टजन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए प्रयासरत नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के साथ अचानक सेवा भवन स्थित जन्म मृत्यु पटलो का निरीक्षण किया। अचानक जन्म मृत्यु पटल पर पहुंचे नगर आयुक्त को यद्यपि जोन वाइज कर्मच.ारी काम करते हुए मिले लेकिन आदेशों के बावजूद भारत सरकार के ब्ै पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आवेदक द्वारा जमा करने के दिन ही करने की व्यवस्था शुरू नहीं होने पर नगर आयुक्त ने उप नगर आयुक्त अमित कुमार सिंह पर नाराजगी जताते हुए विलंब की वजह पूछी। नगर आयुक्त ने उप नगर आयुक्त अमित कुमार सिंह से तत्काल इस व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर शुरू करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने जन्म मृत्यु काउंटर पर जमा होने वाले आवेदन प्रपत्रों के गायब



होने का संज्ञान लेते हुए आवेदक द्वारा संलग्न किए गए सभी प्रपत्रों की चेक लिस्ट भी आवेदक को देने की व्यवस्था को तत्काल लागू करने के लिए कहा।अच.ानक जन्म मृत्यु पटल पर पहुंचने से नगर निगम के चारो जोन के पटल बाबू और स्टाफ में नगर आयुक्त को देखकर खलबली मच गई नगर आयुक्त ने सभी जोन के पटल बाबू को पूर्ण निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से आवेदन पत्रों को प्राप्त होते ही पोर्टल पर ऑनलाइन करने के निर्देश दिए और ऑनलाइन ना होने की स्थिति में अथवा पटल लिपिक द्वारा आवेदन पत्रों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। नगर आयुक्त ने सोमवार को जन्म मृत्यु पंजीकरण से संबंधित जोन वाइज सर्किल वाइज सीएमओ वाइज एसीएम स्तर पर पेंडिंग आवेदन पत्रों का ब्यौरा भी तलब किया।नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था में सुधार के लिए नि.रंतर प्रयास किया जा रहा है आवेदक द्वारा जमा किए गए आवेदन को उसी दिनांक सी एस आर पोर्टल पर ऑनलाइन करने की व्यवस्था को अनिवार्य किया गया है इसके साथ–साथ पब्लिक की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए आवेदन पत्र के साथ लगाए गए सभी प्रपत्रों की चेक लिस्ट भी अब आवेदक को आवेदन पत्र जमा करते समय दी जाएगी

## नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के निर्वाचन की प्रकिया शुरू

नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के निर्वाचन की प्रकिया शुरू–नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ का निर्वाचन शांतिप.ूर्वक कराने के लिये निर्वाचन अधिकारी व उप निर्वाचन अधिकारी की तैनाती दिनांक 19 जून 2025 को होगा मतदान एवं मतगणना और परिणाम की घाोषणा हा.ेगी–सेवा भवन कार्यालय में होगा मतदान और मतगणना केवल स्थाईध्नियमित अधिकारीध्कर्मचारी ही मतदान में भाग लेगें–जीरो वेस्ट होगा कर्मचारी कल्याण संघ का निर्वाचन–प्रत्याशीयो को नगर आयुक्त की नसीहतनगर आयुक्त प्रेम कुमार मीणा ने नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के निर्वाचन की तिथि 19 जून 2025 घोषित करते ही नगर निगम अलीगढ़ में कर्मचारी कल्याण संघ के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के निर्वाचन हेतु वीर सिंह सहायक नगर आयुक्त को निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी देश दीपक को नामित किया है और निर्वाचन को पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट कराने की हिदायत निर्वाचन टीम व सभी प्रत्याशी को दी है।नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के निर्वाचन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के सम्बन्ध में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री का कार्यक्रम तहत 10 जून 2025 को मतदाता सूची का प्रकाशन प्रातः 11 बजें 11 जून को 2025 को मतदाता सूची पर आपत्ति प्राप्त करना प्रातः 11 से अपरान्हः 1.00 बजें 12 जून 2025 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन प्रातः 11 बजे 13 जून 2025 को नामांकन पत्रों की बिक्री प्रातः 11 से अपरान्हः 3.30 बजे 16 जून 2025 को नामांकन पत्रों को जमा करना प्रातः 11 से अपरान्हः 3.00 बजे 16 जून को नामांकन की वापिसी सायं 4.00 बजे नामांकन पत्रों की जांच एवं चुनाव चिन्ह का आवंटन 19 जून 2025 को मतदान (यदि आवश्यक) प्रातः 8.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक 19 जून 2025 को मतगणना मतदान के तुरन्त बादः चुनाव परिणाम की घोषणा।उन्होने बताया यदि आवश्यक हुआ तो 19 जून 2025 को मतदान प्रातः 8 बजें से 5 बजें तक मतदान एवं मतदान के तुरंत बाद मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा की जायेगी मतदान एवं मतगणना का कार्य सेवा भवन प्रागण में होगा और सभी कार्यवाही नगर निगम सेवाभवन कार्यालय से संचालित हा.ेगी।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याक्षियों के लिये जीरो वेस्ट के तहत शासन की निर्धारित गाइड लाइन भी तैयार की गई है और इसका उल्लघंन करने वाले प्रत्याक्षी का नामंकन पत्र एवं उम्मीदवारी भी निरस्त की जा सकती है

## योग सप्ताह की तैयारियाँ प्रारंभ 21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अलीगढ़ (अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने योग सप्ताह की रूपरेखा निर्धारित करते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यापक जनसहभागिता सु.निश्चित करने के निर्देश दिए हैं जिलाधिकारी ने कहा कि योग केवल शारी.रिक नहीं बल्कि मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य का भी आधार है। अतः अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़कर स्वस्थ समाज की स्थापना की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए।कलैक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि योग सप्ताह के प्रत्येक दिवस नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में योग सत्रों का आयोजन किया जाए। कार्यक्रम की शुरुआत और समापन अच्छे ढंग से समारोह के रूप में हो, जिसमें अधिक से अधिक नागरिक, स्कूली बच्चे, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं विभागीय अधिकारी भाग लेते हुए योग क्रियाओं से जुड़कर लाभांवित हों। इसके साथ ही योग सत्रों का आयोजन नगर के प्रमुख पार्कों, विद्यालयों, ग्राम पंचायत भवनों, अमृत सरोवरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक दिवस जनजागरूकता रैली का भी व्यापक प्रचार प्रसार के साथ आयोजन कर आमजन को योग के लाभों के प्रति



जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सूचना विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायतीराज, नगर निगम, नगरपालिका, खेल विभाग समेत सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और सा.ेशल मीडिया, पोस्टर, बैनर, जनसंपर्क माध्यमों से प्रचारप्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 नरेन्द्र कुमार ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 जून से आरंभ होने वाले योग सप्ताह का शुभारंभ महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्टस स्टेडियम में प्रातः 06 बजे मा0 जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उप.स्थिति में किया जाएगा। योग सप्ताह के दौरान योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में जिले भर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौज.ूदगी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्टस स्टेडियम में मा0 जनप्रतिधियों की मौजूदगी में योग साधना करने के उपरांत योग सप्ताह का समापन किया जाएगा।बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुभांशु कटियार, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, एसडीएम कोल महिमा राजपूत, एसडीएम अतरौली मोहम्मद अमान, डीआईओएस डा0 सर्वादानन्द, जिला क्रीड़ा अधिकारी राम.मिलन समस्त बीडीओ, आयुर्वेदिक चिकि.त्सक डा0 दुर्गेन्द्र कुमार, पतंजलि से रविकरन आर्य, एनजीओ एवं महाविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने की मुहिम जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी तहसील मुख्यालयों की सीएचसी का औचक निरीक्षण

अलीगढ़ जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ एवं जनसामान्य के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर सभी तहसील मुख्यालयों पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का संबंधित एसडीएम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, ओपीडी की स्थिति, दवा वितरण, साफसफाई एवं मरीजों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की गई। निरीक्षण में पाई गई कमियों पर नारा.जगी जताते हुए जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़ी चेता.वनी देते हुए व्यवस्था में त्वरित सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों को जनविश्वास का केंद्र बनाना प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सीएचसी स्तर पर मूलभूत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने, समयबद्ध सेवाएं देने तथा साफसफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी के इस निर्देश को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की ठोस पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आमजन को बेहतर उपचार और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

इगलासः सीएससी इगलास के निरीक्षण



में पाया गया कि संविदा चिकित्सक अनुप.स्थिति हैं। औषधि स्टॉक रजिस्टर भीअद्यतन नहीं मिला।



खैर :सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैर में चार चिकित्सकों के सापेक्ष दो चिकित्सक अनुप.स्थित मिले। परिसर में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट भी संचालित नहीं था।

अतरौली :सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अत.रौली में 8:30 बजे तक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य चिकित्सक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचे थे। औषधि भंडार कक्ष में निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की अनियमिताएं पाई गई। स्टॉक पंजिका भी अद्यतन नहीं मिली। पैथोलॉजी भी बंद पाई गई।

गभाना : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गभाना



के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य चिकित्सक निरीक्षण के दौरान नहीं मिले। सीएचसी पर एक्सरे एवं अन्य प्रकार की जांच की सुविधा नहीं है। औषधियों की आवक, प्रयोग और अवशेष का कोई समुचित रखरखाव न होने के कारण सत्यापन नहीं हो सका।

लोधाःएसडीएम कोल महिमा राजपूत द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोधा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी 9:00 बजे तक अनुप.स्थित रहे।जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को चेतावनी दी है कि वह समय से चिकित्सालय पहुँच व्यवस्थाओं में सुधार लाएं और जनसामान्य को समुचित चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अब 22 जून तक करें आवेदन

अलीगढ़ नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आ.ईटीआई अलीगढ़ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि अलीगढ में संच.ालित राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक अभ्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट खुल गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन भुगतान केवल डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड, इण्टनेट बैंकिंग, यूपीआई के माध्यम से अभ्यर्थी को करना होगा।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि परिषद द्वारा अब 22 जून निर्धारित की गई है। सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 250 रूपये एवं अनुस.ूचित व अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 150 रूपये निर्धारित है। वेबसाइट www-scvtup-in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन से सम्बन्धित अधिक जानकारी अपने नजदीकी राजकीय या निजी आ.ईटीआई में आकर कर सकते हैं।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ.प्र. युवा महानगर अलीगढ़ का नवीनीकरण किया गया

अलीगढ़।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की युवा महानगर इकाई के तहत नवीन कार्यकारिणी का गठन स्थानीय रामघाट रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में एक गरिमामयी बैठक के दौरान किया गया।इस बैठक में सर्वसम्मति सभी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह ने की।सर्वप्रथम उन्होंने युवा महानगर अध्यक्ष के लिए कमल गुप्ता बाबा, महामंत्री के लिए लकी तनिष्का व मनीष नीलगिरी,कोषाध्यक्ष के लिए धर्मेंद्र गुप्ता धम्मू की घोषणा की।युवा महानगर अध्यक्ष कमल गुप्ता बाबा ने बताया कहा कि संगठन के कार्यों,योजनाओं और उद्देश्यों को आम जनता तक पहुंचाने की भूमिका अत्यंत अहम होती है जबकि वह इस उत्तरदायित्व को पूरी निष्ठा एवं कुशलता से निभाएंगे।इसी के साथ उन्होंने अपनी नई युवा कार्यकारिणी टीम की घोषणा की जिसमे सह कोषाध्यक्ष पन्नालाल वार्ष्णेय, अभिषेक जॉर्डन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुंजित वार्ष्णेय ऋषभ सरिया,गौरव सरिया,संदेश राज और रोहित पीतल होंगे।उपाध्यक्ष प्रशांत वार्ष्णेय,अमित यादव,नीरज कश्यप,सुमित सकरनी,राजकुमार वार्ष्णेय, विष्णु एन.के.,जीतू वार्ष्णेय,कान्हा वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय,आशीष सुपारी,विशाल वार्ष्णेय मिंटू होंगे।संयुक्त महामंत्री का पद लकी मलानी,हर्ष दुपट्टा को दिया गया है और संगठन मंत्री पुनीत,सह संगठन मंत्री सागर जोशी और विवेक होंगे और मीडिया प्रभारी का दायित्व हनी वार्ष्णेय बजाज और हिमांशु के पास रहेगा और सोशल मीडिया प्रभारी पवन और मुदित,आईटी.प्रभारी आशीष और हिमांशु बने हैं और मंत्री के रूप में रजत,तरंग,आशिक,ऋषभ, मनीष,मनोज,नैतिक,गौरव,आशीषआसिफ,अम.ीर,अंशुल,पियूष,कुलदीप, परमजीत और शक्ति होंगे और विशेष आमंत्रित सदस्य विमल,हरीश,अंकुर, दिव्यम,कपिल और दीपक को बनाया गया है।इस दौरान यहां पर हरी किशन अग्रवाल,यश कुमार बाबा और आलोक प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## पीएम यशस्वी योजना के तहत पिछड़े वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए बनेंगे छात्रावास

अलीगढ़ जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी रोहित कुमार ने अवगत कराया है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित पीएम यशस्वी योजना के तहत पिछड़े वर्ग के छात्रछात्राओं के लिए राजकीय शिक्षण संस्थाओं यथा मेडिकल कालेज एवं इंजीनियरिंग कालेजों को प्राथमिकता देते हुये पॉलिटेक्निक, आईटीआई, महाविद्यालयों से छात्रावास निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगे गये हैं।उन्होंने जिले में स्थित समस्त राजकीय शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो व निदेशकों को सूचित किया है कि यदि आपके संस्थान को अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रछात्राओं के लिए छात्रावास की आवश्यकता है, तो 4 प्रतियों में प्रस्ताव कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग कक्ष सं० 7 प्रथम तल विकास भवन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि किसी अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# बकरीद से पहले गुस्से में आए मौलाना सैफ अब्बास

बकरीद के मौके पर कई जगह पर कुर्बानी को लेकर बहस छिड़ जाती है. कई लोगों का मानना है कि बकरीद के मौके पर कुबा. र्नी के जरिए क्रूरता की जाती है, ऐसा नहीं होना चाहिए. इस मामले पर मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने प्रतिक्रिया दी है. उनका कहना है कि एक दिन पशु कट रहा है तो बहुत लोगों को दिक्कत हो रही है, लेकिन साल भर यही होता है तो कोई आवाज नहीं उठाता है.मौलाना सैफ अब्बास ने कहा, श्जिस तरह से आवाजें उठ रही हैं, वह अफसा. सनाक और निंदनीय हैं. देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री सक्षम हैं, उन्हें ऐसे बयानों पर रोक लगानी चाहिए. ये लोग देश का माहौल खराब करने के लिए इस तरह की आवाज उठाते हैं. हम किसी के त्योहार पर आपत्ति नहीं जताते हैं, लेकिन जब कोई हमारा त्योहार होता है, बकरीद हो या रमजान, इस तरह के बयान सामने आते हैं. मुझे लगता है कि वे समाज को तोड़ने के लिए ऐसा करते हैं. एक दिन पशु कट जाए तो बड़ी बेचैनी होती है,



364 दिन कट जाए, तब तकलीफ नहीं होती. अगर 364 दिन इन्हें देखा जाए तो इनके अंदर कीटाणु निकलेंगे, ये सभी मांसाहारी निकलेंगेश्शपहलगाम हमले के दौरान की गई थी माहौल बिगाड़ने की को. शिश – मौलाना सैफ अब्बासउन्होंने कहा, श्शपशु क्रूरता एक ही दिन दिखती है. जब पशु बलि मंदिर में दी जाती है तब इन्हें नहीं दिखता है. पहलगाम हमले के दौरान बड़ी कोशिश की गई, कुछ लोगों ने कहा कि नाम पूछकर मारा गया, लेकिन जनता ने आपसी भाईचारे के जरिए जवाब दिया. अब ये बकरीद पर सवाल उठा रहे हैं. श्कुर्बानी के लिए दिल्ली पहुंचे दो खास बकरे हर साल ईद–उल–अजहा के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कुर्बानी के लिए अनगिनत पशु लाए जाते हैं, लेकिन इस बार दो खास बकरे लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं. बकरों के मालिकों के मुता. बिक इनकी खासियत यह है कि इनके शरीर पर प्राकृतिक रूप से अरबी भाषा में अल्लाह और मोहम्मदलिखा हुआ है.

## तुलसी माला पहनने के नियम जानें किन गलतियों से खत्म हो जाती है इसकी ऊर्जा, और कैसे करें धारण!

सनातन धर्म में रुद्राक्ष की ही तरह तुलसी की माला पहनने का अपना महत्व होता है. तुलसी की माला व्यक्ति को आध्यात्मिक शक्ति के साथ सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करती है. तुलसी की माला धारण करने के बाद नकारात्मक ऊर्जा आपके आसपास भी भटकती नहीं हैं. तुलसी का पौधा भगवान श्री विष्णु को बेहद प्रिय है. इसे धारण करने वाले व्यक्ति पर भगवान की कृपा बनी रहती है. ऐसे में जो लोग तुलसी की माला को स्टाइल के लिए धारण करते हुए, उन्हें ऐसा करने से बचना चाहिए. तुलसी की माला को धारण करने के कुछ नियम होते हैं, जिसका पालन करना बेहद जरूरी है. तुलसी की माला का संबंध श्री हरि, कृष्ण और नारायण से होता है. तुलसी और तुलसी की माला बेहद पवित्र माने जाते हैं. ऐसे में इसे गलत तरीके से धारण करने पर इसकी ऊर्जा सकारात्मक से बदलकर नकारात्मक या क्षीण हो जाती है. तुलसी की माला को धारण करते समय व्यक्ति का मन और मस्तिष्क दोनों ही पवित्र होनी चाहिए. लेकिन इसे धारण करने वाले लोग जाने अनजानें ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण इसकी ऊर्जा खत्म हो जाती है. किन कामों को करने से तुलसी माला की हो जाती है क्षीण?तुलसी की माला पहनकर अंडा, मछ्ली, मांस या शराब पीना गलत माना जाता है. ऐसा करने से इसकी शक्तियां क्षीण हो जाती है.कभी भी नींद या यौन संबंध बनाते समय तुलसी की माला धारण नहीं करनी चाहिए.अपनी तुलसी की माला किसी को भी छूने या पहनने को ना दें.तुलसी की माला को कभी भी दिखावे या फैशन के लिए नहीं पहनना चाहिए. तुलसी की माला में दैवीय शक्ति होती है, जिसका सम्मान करना बेहद जरूरी है. इसका सम्मान न करने पर यह क्षीण हो जाती है. तुलसी की माला को धारण करते वक्त किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?कभी भी नहाने के बाद ही तुलसी की माला को गले में धारण करें.तुलसी माला को धारण करते वक्त श्हरे कृष्ण महामंत्रश या फिर श्ओम नमो भगवते वा. सुदेवायश मंत्र का उच्चारण करना चाहिए. तुलसी की माला को कभी भी भोजन करते वक्त या फिर अशुद्ध स्थान पर धारण न करें.अगर तुलसी की माला गलती से टूट जाए तो इसे फेंकने की बजाए नदी में बहाना या जलाना सही माना जाता है. तुलसी की माला को हमेशा मंदिर में भग. वान के सामने रखना चाहिए.भगवान के सामने रखने से पहले उसे गंगाजल से धो दें.तुलसी माला का संदर्भ पद्म पुराण के उत्तर खंड के अध्याय 142, श्लोक 30 में देखने को मिलता है. जहां तुलसी माला के संदर्भ में लिखा है कि श्तुलसीमालां धारयन् विष्णुलोकं स गच्छतिश जिसका मतलब, श्जो भक्त भक्तिभाव से तुलसी माला को धारण करता है, वह विष्णु को प्राप्त होता है.श वहीं स्कंद पुराण के वैष्णव खंड, अध्याय 6 के श्लोक संख्या 17 में तुलसी माला के संदर्भ में लिखा है, श्अपराके शयने वापि, सेवनं मांसमद्योः। तुलसीमाला धारणं रसायनं शास्त्रसंमतम्श जिसका मतलब शास्त्र में अशुद्धि के दौरान तुलसी की माला पहनने की इजाजत नहीं है. तुलसी का सम्मान करें.

# सूर्य 8 जून को मृगशिरा नक्षत्र में करेंगे प्रवेश, सोने की तरह चमकेगा इन 3 राशियों का भाग्य







सूर्य ग्रह 8 जून को रोहिणी नक्षत्र से निकलकर मृगशिरा नक्षत्र में गोचर कर जाएंगे। मृगशिरा नक्षत्र के स्वामी ग्रह मंगल हैं जो सूर्य देव के मित्र हैं। ऐसे में सूर्य का नक्षत्र परिवर्तन करना कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ फलदायक सिद्ध हो सकता है। राशिचक्र की कुछ राशियों को करियर, कारोबार और पारिवारिक जीवन में सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन से शुभ फलों की प्राप्ति हा. गी। आज हम आपको इन्हीं राशियों के बारे में जानकारी देंगे। मिथुन राशि सूर्य ग्रह के नक्षत्र परिवर्तन से आपके व्यक्तित्व में अच्छे बदलाव आएंगे। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे जिससे करियर और सामाजिक स्तर पर आपकी ख्याति बढ़ेगी। इस राशि के कुछ जातकों को पारिवारिक जीवन में खुशखबरी प्राप्त हो सकती है। आपके द्वारा परिवार के लिए किए गए कार्यों की सराहना हो सकती है। किस्तम का भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा और इससे करियर क्षेत्र में अच्छे बदलाव आएंगे। इस दौरान कई अटकी हुई योजनाओं को आप पूरा कर सकते हैं। सिंह राशि सूर्य आपकी ही राशि के स्वामी हैं और इनका नक्षत्र परिवर्तन करना आपके लिए हितकारी साबित होगा। इस दौरान धन प्राप्ति के नए स्रोत आपको प्राप्त हो सकते हैं। आमदनी में कुछ लोगों को आशातीत वृद्धि देखने को मिल सकती है। अगर बीते समय में निवेश किया था उससे भी आप धन लाभ प्राप्त कर सकते हैं। समाज के कुछ गणमान्य लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है और उनसे मिलकर करियर क्षेत्र में अच्छे बदलाव आने की भी संभावना है। अपने व्यक्तित्व में सकारकात्मक बदलाव लाने के लिए आप आध्यात्मिक पुस्. तकें इस दौरान पढ़ सकते हैं। कन्या राशि इस राशि के लोगों को पारिवारिक जीवन में अच्छे बदलाव सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन करने के बाद दिखेंगे। पिता का सहयोग और सलाह आपके काम आएगी। करियर क्षेत्र में कई अच्छे बदलाव आ सकते हैं। इस राशि के कुछ जातकों को सरकारी क्षेत्रों में नौकरी मिल सकती है। अगर आप शादी योग्य हैं तो मनचाहा जीवनसाथी आपको मिल सकता है। सामाजिक स्तर पर आपकी बातों को सराहा जाएगा और लोगों के बीच आपकी अच्छी छवि बनेगी। कन्या राशि के जातकों की सेहत में भी बे. हतरीन बदलाव इस दौरान देखने को मिल सकते हैं। आप शारीरिक रूप से सक्रिय होंगे और जीवन का आनंद उठा पाएंगे। भाग्य का भी भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा।

# वेदों की जननी देवी गायत्री की जयंती, यहां जानें अवतरण की कहानी और महिमा

गायत्री जयंती का पावन पर्व हर वर्ष ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। वेदों की माता कही जाने वाली देवी गायत्री की इस दिन विधि–विदान से पूजा होती है। साल 2025 में गायत्री जयंती 6 जून को है। माना जाता है कि गायत्री मंत्र के जरिए जो भी व्यक्ति मां गायत्री को प्रसन्न कर देता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। गायत्री जयंती के पावन अवसर पर हम आपको बताएंगे देवी गायत्री की अवतरण कथा और उनकी महिमा के बारे में। देवी गायत्री की अवतरण कथा धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ब्रह्मा जी के मन में गायत्री मंत्र की उत्पत्ति हुई थी। गायत्री मंत्र के प्रभाव से ब्रह्मा जी ने अपने चार मुखों से चार वेद प्रकट किए थे। धार्मिक शास्त्रों में वर्णित है कि एक बार ब्रह्मा जी किसी यज्ञ में शामिल हुए थे, लेकिन उस समय किसी वजह से उनकी अर्धांगिनी मां सावित्री उनके साथ नहीं थीं। जबकि, किसी भी धार्मिक कार्य में पत्नी का होना अनिवार्य होता है नहीं तो कार्य सफल नहीं होता। ऐसे में देवी गायत्री ब्रह्मा जी की दुविधा को दूर करने के लिए अवतरित हुई। ब्रह्मा जी ने उनसे विवाह किया और उसके बाद यज्ञ संपन्न हुआ। इसीलिए देवी गायत्री को ब्रह्मा जी की दूसरी पत्नी भी माना जाता है। देवी गायत्री की महिमा देवी गायत्री को चार वेद, शास्त्र और श्रुतियों की जननी माना जाता है। देवी गायत्री त्रिदेवों की आराध्या हैं और समस्त देवी–देवता इनके सामने शीश झुकाते हैं। वेदों की जननी होने के कारण इनको वेद माता के नाम से भी जाना जाता है। शास्त्रों में वर्णित है कि गंगा माता की तरह देवी गायत्री भी पहले देवताओं तक ही सीमित थीं। हालांकि, कालांतर में ऋषि विश्वामित्र ने कठिन तप करके आम लोगों के लिए भी देवी गायत्री और गायत्री मंत्र को आम जनमानस के लिए भी सुलभ बना दिया। आज भी गायत्री मंत्र का जप कई लोग करते हैं। चार वेदों में से एक अथर्ववेद में देवी गायत्री को प्राण, आयु, कीर्ति, शक्ति और धन प्रदान करने वाली देवी के रूप में वर्णित किया गया है। देवी गायत्री ब्रह्मतेज प्रदान करने वाली भी मानी जाती हैं। माना जाता है कि गायत्री मंत्र को जो व्यक्ति सिद्ध कर ले उसके लिए संसार का कोई भी कार्य मुश्किल नहीं रह जाता। गायत्री मंत्र के जप से पाप से मुक्ति भी मिलती है और आध्यात्मिक रूप से भक्तों का विकास भी होता है। गायत्री मंत्र जप के लाभ गायत्री मंत्र– श्ॐ भूर्भुव स्व तत्स. वितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात्य।श्लाभ– गायत्री मंत्र का जप गायत्री जयंती के साथ ही प्रत्येक दिन आप कर सकते हैं। इस मंत्र का जप करने से मानसिक शक्ति आपको प्राप्त होती है। सकारात्मक ऊर्जा और रोगों से मुक्ति के लिए भी इस मंत्र का जप किया जाता है। गायत्री मंत्र के जप से धन–धान्य और भौ. तिक सुखों की प्राप्ति भी व्यक्ति को होती है। वहीं गायत्री मंत्र का निरंतर जप करने वाले व्यक्ति को अंत समय में मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# संत प्रेमानंद महाराज ने कर दी अपनी मौत की भविष्यवाणी?

मथुरा रू वृंदावन के सुप्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। देश से लेकर विदेश तक के लोग वृंदावन उनके दर्शन के लिए पहुंचते हैं। खासकर युवा पीढ़ी के बीच उनकी लो. कप्रियता अत्यधिक है। संत प्रेमानंद महाराज के विचारों ने युवा पीढ़ी को आध्यात्म का रास्ता दिखाया है। उनमें बहुत हद तक बदलाव भी देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर आए दिन उनके सत्संग का कोई न कोई वीडियो वायरल होता रहता है। संत अपने सत्संग के माध्यम से लोगों को सांसारिक और आध्यात्मिक जीवन का ज्ञान देते हैं। अक्सर, सत्संग के बाद श्रद्धालु प्रेमानंद महाराज से अपनी तमाम तरह की समस्याओं को लेकर प्रश्न पूछते हैं, जिसका संत बहुत सहजता से उत्तर भी देते हैं। धर्मगुरू प्रेमानंद महाराज के पास एक ऐसा भक्त पहुंचा जिसकी बात सुन हर कोई सन्न रह गया। उसने संत से कहा कि जबसे कोरोना शुरू हुआ है, तब से हर दिन सेनेटाइजर का उपयोग करता हूं और हाथ धुलता हूं। कभी–कभी तो दिन में 200 से 300 बार हाथ धुल लेता हूं। चारों तरफ वायरस का खतरा लगता है। ऐसा लगता है कि अगर मैं हाथ नहीं धुल. ूंगा तो मुझे कुछ हो जाएगा। मेरे इस स्वभाव को देख मेरी मां रोने लगती हैं। भक्त की बात सुन संत ने कहा डर किस बात का मेरी तो दोनों किडनियां खराब हैं। मैं तो कभी भी मर सकता हूं। आए दिन मेरा डायलिसिस होता है। मेरे साथ कभी भी कुछ हो सकता है। यहां तो मरने के लिए तैयार हूं, कोई डर नहीं, निडर हूं। तुम जवान होकर भी डर रहे हो। भक्त ने आगे संत से कहा कि महाराज जी मेरा जो परिवार है वह बहुत पूजा–पाठ करता है, फिर भी मुझे इतना डर लगता है। अगर मैं बाहर निकलता हूं तो घर आकर के 2 से 3 घंटे नहाता हूं। पूरा एक साबून खत्म कर देता हूं। भक्त की इस परेशानी का संत ने सहजता से जवाब देते हुए कहा कि अगर तुमको यह डर लगता है कि तुमको कुछ हो जाएगा तो एक बार मुझपर भरोसा करके छोड़ दो, देखें तुमको कुछ हो जाएगा। संत ने आगे मजाकिया अंदाज में कहा कि बस शौच के बाद साबुन लगाकर हाथ जरूर धुल लेना। भक्त ने आगे कहा कि महाराज जी मैं बस या ऑटो में बैठ नहीं सकता, किसी भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सवारी नहीं कर सकता हूं। यह सुन संत बोले कि बड़ी समस्या है इसको तो। वहीं मौजूद एक शख्स ने तभी कहा कि मैं एक डॉक्टर हूं और इस युवक



को साइकोलॉजिकल बीमारी है। बता दें कि संत प्रेमानंद महाराज पहले भी कई बार अपनी मौत की भविष्यवाणी कर बोल चुके हैं कि मेरी उम्र 80 साल तक है और यह बात मुझसे एक महात्मा ने कही थी।